हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 3 जनवरी 2024



04 दूसरे दिन भी बसों का संचालन रहा पूरी तरह...



07 बस और बड़े वाहनों के थमे पहिए, सब्जियों के भाव में...



## विदिशा मंडी भाव

| उपज | निम्नतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| गेहूं शरबती | 0000 | 0000 |
| गेहूं 1544 | 2300 | 2817 |
| चना | 4700 | 5225 |
| मसूर | 5906 | 5951 |
| सोयाबीन | 3000 | 4725 |
| सरसों | 0000 | 0000 |
| धान | 2000 | 4150 |

## खबर संक्षेप

### राज्यपाल मंगुभाई पटेल आज विदिशा जाएंगे

**विदिशा।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल आज बुधवार को विदिशा आएंगे। राज्यपाल पटेल का दौरा कार्यक्रम अनुसार दोपहर दो बजे गेटवे रिट्रीट सांची से विदिशा की ग्राम पंचायत बागरी के लिए प्रस्थान कर ग्राम बागरी में आगमन और यहां आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल होंगे। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ग्राम बागरी से दोपहर 3.35 बजे सागर के लिए रवाना होंगे।

### कलेक्टर ने 3 स्थानीय अवकाश घोषित किए

**विदिशा।** कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने वर्ष 2024 के लिए जिले के लिए तीन स्थानीय अवकाश घोषित करने के आदेश जारी कर दिए है। उक्त अवकाश बैंक, कोषालय एवं उप कोषालयों पर लागू नही होंगे। जिन तिथियों के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किए गए हैं। उनमें 15 जनवरी सोमवार मकर सक्रांति पर्व, 30 मार्च शनिवार रंगपंचमी के लिए और 17 सितम्बर मंगलवार अनंत चतुर्दशी के लिए स्थानीय अवकाश होगा।

### जनसुनवाई में पंद्रह आवेदनों का निराकरण



**विदिशा।** मंगलवार को जनसुनवाई में 25 आवेदकों द्वारा व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए गए। जिसमें से मौके पर 15 आवेदनों का निराकरण किया गया है। शेष लंबित आवेदनों का समय सीमा में निराकृत कर निराकरण की जानकारी नवीन जन आकांक्षा पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं। संयुक्त कलेक्टर व नोडल अधिकारी विष्णुप्रसाद यादव, राजेश गुप्ता के अलावा विभिन्न विभागों के जिलाधिकारियों ने पंक्तिबद्ध रो में बैठकर आवेदकों से आवेदन प्राप्ति के उपरांत निराकरण की पहल की गई है।

### हड़तालः नए कानून का ड्राइवरों ने किया विरोध, वाहन किए खड़े



**अहमदपुर।** अहमदपुर लक्ष्मी नगर में ड्राइवरों ने हिट एंड रन कानून का विरोध किया। अनिल नामदेव ने बताया कि केंद्र सरकार ने जो नया कानून लागू किया है इसको वापस किया जाए। इसमें कोई संशोधन किया जाए पूरे भारत में ड्राइवर हड़ताल पर हैं। जब तक इसमें कोई संशोधन नहीं किया जाता तब तक हम हड़ताल पर रहेंगे। उन्होंने बताया की नए कानून में अगर किसी ड्राइवर से एक्सीडेंट होता है तो इसमें 7 लाख रुपए जुर्माना एवं 10 साल की सजा का प्रावधान किया गया है।

### कलेक्टर ने यूनियन के साथ बैठक की, डीजल, पेट्रोल और गैस की आपूर्ति के लिए दल गठित किया

# हड़ताल के दूसरे दिन सब्जी, दूध, पेट्रोल की किल्लत शुरू

**ड्राइवरों की हड़ताल के दूसरे दिन दूध, सब्जी और पेट्रोल जैसी उपयोगी सामग्री की किल्लत होने लगी है। मंगलवार को आधी मात्रा में ही पैकिट पैक दूध शहर में आ सका। ऐसी ही स्थित सब्जी मंडी में रही। मंडी में सब्जी की गाड़ियां न आने से दाम बढ़ गए हैं तो वहीं पेट्रोल पंपों पर दिनभर लोगों की भीड़ लगी रही।**



विदिशा। प्रदर्शन के दौरान बायपास पर प्रदर्शन कर रहे ड्राइवरों ने पुलिस के साथ धक्कामुक्की की।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

केंद्र सरकार के हिट एंड रन कानून के विरोध में बस और ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल दूसरे दिन मंगलवार को भी जारी रही।

ड्राइवरों की हड़ताल की चलते रोजमर्रा के सामानों की चीजों की सप्लाई नहीं होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। जिले में 260 बसों और 700 ट्रकों के ड्राइवर देशव्यापी हड़ताल में शामिल रहे। मंगलवार सुबह मिर्जापुर बायपास पर ड्राइवर यूनियन ने चक्काजाम कर दिया। मिर्जापुर बायपास पर सागर की तरफ और भोपाल की तरफ से आने वाले वाहनों को रोक दिया। जिससे वाहनों की कतार लग गई। जानकारी मिलते ही पुलिस प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और ड्राइवरों को समझाने का प्रयास किया। यूनियन के कुछ लोगों ने पुलिस प्रशासन की टीम के साथ भी धक्कामुक्की शुरू कर दी। बाद में पुलिस के सहयोग से वाहनों का आवागमन शुरू कराया गया।

### खड़ी रहीं दर्जनों बसें

हड़ताल के दूसरे दिन भी यात्री बसें नहीं चलने के कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। पेट्रोल पंपों पर वाहनों की लंबी-लंबी कतार देखने को मिली। ट्रक ड्राइवर की हड़ताल का असर अनाज मंडी पर भी पड़ा है। कृषि उपज मंडी अनिश्चित कालीन के लिए बंद कर दी गई है।

जिले के अधिकांश पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल डीजल खत्म हो गया। जिसके कारण पेट्रोल के लिए लोग परेशान होते रहे। हड़ताल के दूसरे दिन सब्जियों के दाम एक दिन में ही तीन गुना तक हो गए हैं। इधर कलेक्टर ने डीजल पेट्रोल और रसोई गैस जैसी अतिआवश्यक वस्तुओं के उपलब्धता के लिए दल गठित कर दिया है। यह दल इस बात की निगरानी करेगा की इन वस्तुओं की पर्याप्त आपूर्ति विदिशा जिले में होती रहे। जिससे आम लोगों को परेशानी न हो।

## बायपास पर ड्राइवरों ने चक्काजाम करने का प्रयास किया, पुलिस ने रोका, हुई झूमाझटकी

### बसस्टैंड पर दिनभर खड़ी रही दर्जनों बसें, यात्री हुए परेशान



मंगलवार को बस स्टैंड पर दिनभर बसें खड़ी रही। बड़ी संख्या में यात्री इन बसों से सफर करने पहुंचे लेकिन बस स्टैंड पहुंचकर उन्हे पता चला की बसों के पहिए थमे हुए हैं।

### हड़ताल लंबी चली तो

- सबसे पहले पेट्रोल की किल्लत शुरू होगी और दो पहिया वाहन खड़े हो जाएंगे। इसलिए वाहन चालकों ने टेंक फुल करा लिए हैं।
- इसके बाद सब्जी की कमी आएगी। क्योंकि सब्जी मंडी में करीब 60 प्रतिशत सब्जी बाहर से आती है।
- दूध की किल्लत शुरू हो गई है। दुकानों पर पैकिट पैक दूध कम मात्रा में आ रहा है। लोग परेशान हैं।

### कलेक्टर ने कहाः अति आवश्यक सेवाएं प्रभावित न हों, यूनियन ने दिया भरोसा

कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने मंगलवार को ट्रक, बस, पेट्रोल-डीजल समेत अन्य एसोशियसनों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि जिले में अति आवश्यक सेवाओं की आपूर्ति बनी रहेगी। जैसे एंबुलेंस, दूध, फल, सब्जी, गैस सिलेंडर, पेट्रोल-डीजल समेत अन्य सुविधाएं प्रभावित नहीं होंगी। यूनियनों के प्रतिनिधियों ने यह आश्वासन दिया कि अति आवश्यक सेवाएं हड़ताल के कारण प्रभावित नहीं होंगी। वहीं एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने कहा कि अति आवश्यक सुविधाओं की आपूर्ति बनी रहे तथा यह भी सुनिश्चित किया जाए कि कानून व्यवस्था प्रभावित न हो। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने हिट एंड रन दुर्घटना संबंधित नवीन कानून के बारे में जानकारी दी तथा इस संबंध में वाहन चालकों को किसी भी अफवाह पर ध्यान न देने की हिदायत दी है। बैठक में उपस्थित यूनियनों के सदस्यों द्वारा अति आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति तथा एंबुलेंस आदि के आवागमन में कोई व्यवधान नहीं आने से आश्वस्त कराया गया है। बैठक में अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, एडिशनल एसपी समीर यादव, जिला आपूर्ति अधिकारी रश्मि साहू, जिला परिवहन अधिकारी गिरजेश वर्मा के अलावा विभिन्न यूनियनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# एक रैक यूरिया की हुई पूर्ति खुले में रखने की है मजबूरी

### ट्रकों की हड़ताल, स्टेशन पर रखा 3132 टन यूरिया



विदिशा। ट्रकों की हड़ताल होने के कारण स्टेशन पर ही यूरिया रखा गया है।

विदिशा। किसानों को डीएपी और यूरिया की कमी न हो उसको लेकर खेती के लिए आवश्यक यूरिया विदिशा पहुंच चुका है।

मंगलवार को गुजरात के कलोल से एक रैक यूरिया विदिशा पहुंचा। जिसे स्टेशन पर ही नीचे उतार कर रखा गया है। ट्रक ड्रायवरों की हड़ताल होने के कारण इसे संबंधित समितियों तक नहीं पहुंचाया जा सका। इसकी वजह से स्टेशन पर ही खुले में स्टॉक किया है। वहीं डीएपी की एक रैक गंजबासौदा में लगने वाली है। ट्रकों की हड़ताल खत्म होने तक इसी स्थान पर रखना मजबूरी रहेगी।

### प्रथम क्रमोन्नति का आदेश जारी करने संघ ने की मांग

**विदिशा।** प्रांतीय शिक्षक संघ मप्र के प्रदेश उपाध्यक्ष जाहिद मोहम्मद और प्रदेश सह संगठन मंत्री राजेंद्र राय ने बताया की मप्र राज्य स्कूल शिक्षा सेवा शर्तें एवं नियम 2018 के तहत प्राथमिक शिक्षक एवं माध्यमिक शिक्षक संवर्ग को क्रमोन्नति वेतनमान योजना में शामिल किया जाए। प्राथमिक शिक्षक, माध्यमिक शिक्षक अंतर्गत निरंतर जिन्हें 12 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण करने वाले प्राथमिक शिक्षकों को प्रथम क्रमोन्नति की स्वीकृति का आदेश जारी करने की मांग प्रांतीय शिक्षक संघ मध्यप्रदेश ने जिले के अधिकारियों से की है। मांग करने वालों में राकेश सोनी विदिशा ब्लॉक अध्यक्ष, प्रकाश श्रीवास्तव ग्यारसपुर ब्लॉक अध्यक्ष, रमेश अहिरवार, संजय शर्मा, राम सिंह कुशवाहा, रवि रैकवार, नितेंद्र राजपूत, अतुल साहू, नेपाल सिंह राजपूत, गोविंद दांगी, भारत सिंह दांगी, तुलसीराम अहिरवार, संतोष सेन, इंद्र सिंह लोधी, धर्मेंद्र राजपूत, विमल पचरैया, उमेश आचार्य, मनीष मीणा, अनिल सोनी, पहलाद बाबू यादव, महेंद्र यादव आदि शामिल हैं।


### सरकार बनते ही संगठन ने मंत्री विधायकों के चक्कर काटने शुरू किया

# खाली पड़े खेल शिक्षकों के पद भरने और अतिथि शिक्षकों को नौकरी देने सरकार से गुहार लगाई

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

सरकार ने स्कूलों में साल 2008 से खेल शिक्षकों की भर्तियां नहीं कीं। नई शिक्षा नीति में हर स्कूलों में एक खेल शिक्षक अनिवार्य है। वर्तमान में मप्र में जनजातीय कार्य विभाग में लगभग 2 हजार पद एवं स्कूल शिक्षा विभाग में 3 हजार से अधिक खेल शिक्षकों के पद खाली हैं।

खेल डिग्रीधारियों ने मांग की है खेल शिक्षकों के साथ न्याय करते हुए 5 हजार पदों पर भर्ती के लिए चयन परीक्षा कराई जाए। मंगलवार को बीपीएड संघ मप्र के प्रदेश संगठन मंत्री पंकज भार्गव ने प्रतिनिधि मंडल के साथ संयुक्त कलेक्टर विष्णु प्रसाद यादव को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें मांग की गई है की शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में अतिथि शिक्षकों को शिक्षक भर्ती में 50% आरक्षण, विभागीय परीक्षा, गुरुजियों की तरह अतिथियों को भी मुख्य धारा में लाना, बोनस अंक सहित सभी आदेश जारी किए जाएं। खेलों और खिलाड़ियों का भविष्य सुरक्षित किया जाए। बिना खेल प्रशिक्षण के खेल गतिविधियां नाम मात्र की औपचारिकता बनकर रह गई हैं। इस अवसर पर रविकांत नामदेव, संजय ठाकुर, हेमंत मिश्रा, रविंद्र मालवीय, लक्ष्मीनारायण कुशवाह, अमित मांझी, कृष्ण कटियार आदि अतिथि शिक्षक मौजूद रहे।



विदिशा। खेल शिक्षक पद पर भर्ती के लिए ज्ञापन देते हुए खेल एवं अतिथि शिक्षक।

### भर्ती नहीं निकाल सकते तो संस्थानों को बंद करें

खेल शिक्षकों का कहना है कि अन्य राज्यों में प्रतिवर्ष खेल शिक्षक भर्ती परीक्षा होती है लेकिन मप्र में विगत 16 वर्षों से इस क्षेत्र में भर्ती नहीं निकाली गई। अगर सरकार भर्ती निकलने में असमर्थ है तो खेलों के क्षेत्र में जो कोर्स कराए जा रहे हैं उनको और खेल डिग्री संस्थानों को बंद करें। ज्ञापन में बताया गया है की पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अतिथि शिक्षक महापंचायत आयोजित कर अनेक सौगातें दी थीं। इधर खेल डिग्रीधारियों का कहना है की मप्र कर्मचारी चयन मंडल के माध्यम से खेल शिक्षकों की पात्रता परीक्षा 2023 में ली। लेकिन सरकार द्वारा अभी तक चयन परीक्षा कराने किसी भी प्रकार की योजना बेरोजगार खेल शिक्षकों को नजर नहीं आ रही है।

# जिपं सीईओ ने दो अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम पंचायतों में आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों में अनुपस्थित रहने वाले दो अधिकारियों को जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट ने नोटिस जारी कर चार जनवरी तक जबाव मांगा है।

ग्राम कोठीचार कलां में 31 दिसम्बर को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अनुविभागीय अधिकारी अमर दाहिया उपस्थित नहीं हुए। उनकी अनुपस्थिति के कारण क्षेत्र की नलजल संबंधी शिकायतों का निराकरण नहीं हो पाया। इसलिए उन्हे शोकॉज नोटिस जारी किया गया है। वहीं ग्राम पंचायत दैयरपुर में 31 दिसम्बर को आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में बिजली कंपनी के जूनियर इंजीनियर प्रफुल्ल गोरखेड़े नहीं पहुंचे।

ग्राम पंचायत दैयरपुर में विगत पांच-छह माह से ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण ग्रामवासियों को बिजली आपूर्ति में अनेक प्रकार की असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। जिसकी शिकायतें मौके पर मौजूद जनप्रतिनिधियों को प्राप्त होने पर उनके द्वारा असंतोष जाहिर किया गया। जूनियर इंजीनियर प्रफुल्ल गोरखेड़े के द्वारा लापरवाही करने पर उनके विरूद्व अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित कर शोकॉज नोटिस जारी किया गया है।

### बीमारी से परेशान व्यक्ति ने की आत्महत्या

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** जतरापुरा में रहने वाले 45 वर्षीय शख्स ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या की। आत्महत्या करने वाले शख्स की पहचान मोहन विश्वकर्मा के रूप में की गई है। जिसके दो बच्चे और पत्नी हैं। पड़ोसियों ने आशंका जताई कि मोहन ने बीमारी से परेशान होकर यह आत्मघाती कदम उठाया है। आत्महत्या की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मर्ग कायम करके जांच में जुट गई है। पड़ोस में रहने वाले लोगों ने बताया कि मोहन को दो से तीन अटैक आ चुके थे, जिसका वह ऑपरेशन करा चुका था। उसकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी , जिसके कारण वह ठीक से इलाज नहीं करवा पा रहा था।

# दोपहर 12 बजे तक छाया कोहरा, दो दिन बारिश के आसार

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

नए साल की शुरुआत घने कोहरे के साथ हुई थी। साल के दूसरे दिन भी कोहरा छाया रहा। रात को 1 बजे के बाद से कोहरा छाना शुरू हो गया था। सुबह घने कोहरे के साथ ओस गिरने से लोगों की परेशानी को और बड़ा दिया।

साल के दूसरे दिन भी देर रात से कोहरा छाया रहा। कोहरे के साथ ठंडी हवाएं चलने से कड़ाके की पड़ रही है। कड़ाके की ठंड पड़ने से लोग ठिठुर गए। जिसके चलते लोगों की दिनचर्या प्रभावित हुई। कोहरा और तेज ठंड के चलते सड़कों पर कम आवाजाही देखने को मिली। लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से निकले। घने कोहरे की वजह से सुबह के समय विजिबिलिटी में 100 मी से भी कम रही जिसके चलते वाहनों की रफ्तार पर अंकुश लग गया। वाहनों को हेड लाइट जलाकर रेंगना पड़ रहा था। मंगलवार को दिन का तापमान एक डिग्री लुढ़ककर 27 डिग्री पर आ गया। जबकि रात का तापमान 13 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। आज उच्चतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने 24 घंटे के अंदर बारिश की संभावना जताई है।



### पीएम विश्वकर्मा योजनाः 1813 आवेदनों में से 50 का सत्यापन

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत पंचायत एवं शहरी स्थानीय निकाय स्तर पर लंबित आवेदनों के सत्यापन कराने के निर्देश जारी किए है। पीएम विश्वकर्मा योजना के पोर्टल की समीक्षा दौरान पाया गया कि 1813 आवेदनों में से सिर्फ 50 आवेदनों का प्रथम स्तर पर सत्यापन हुआ है जबकि 1271 आवेदन ग्राम पंचायत स्तर पर एवं 492 आवेदन शहरी स्थानीय निकाय पर प्रथम सत्यापन के लिए लंबित है।

# रात में न्यायालय लेकर आवेदक के घर पहुंचे तहसीलदार

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरवाई

कुरवाई तहसील में पदस्थ तहसीलदार संदीप शर्मा कड़ाके की ठंड में पटवारी सहित कर्मचारियों एवं कंप्यूटर प्रिंटर के साथ रात में ही ही ग्राम पंचायत इमलिया के मढ़ी जागीर पहुंच गए और न्यायालय लगा दिया। समस्या का निराकरण कर रात में ही आदेश जारी कर आवेदक को संतुष्ट किया। तहसीलदार संदीप शर्मा ने बताया कि नव वर्ष 2024 की पहली तारीख से एक नवाचार प्रारंभ किया है। जिसमें 6 माह से अधिक समय से लंबित प्रकरणों का निराकरण गांव में ही पहुंचकर किया जाएगा। तहसील क्षेत्र के सभी पटवारियों को निर्देश दिए हैं कि लंबित आवेदनों को प्रस्तुत किया जाए। दिनभर शासकीय कार्य करने के बाद सप्ताह में एक दिन रात में लंबित प्रकरणों का निराकरण आवेदक के घर पहुंच कर ही किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह न्यायालय शाम को 7 बजे से रात 11 बजे तक लगाया जाएगा। और आवेदक को संतुष्टि पूर्वक निराकरण किया जाएगा।



### तहसीलदार को देख चौक गए ग्रामीण

सोमवार की देर रात तहसीलदार अपनी टीम के साथ ग्राम पंचायत इमलिया के मढ़ी जागीर पहुंचे तो ग्रामीण अचंभित रह गए। रात में ही तहसीलदार ने न्यायालय लगाया। आवेदक कमर सिंह पुत्र धरोपा निवासी ग्राम इमलिया स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 140/2 रकबा 0.209 हेक्टेयर में नक्शा में बटन डलवाना चाहता था। जिसका पिछले 6 माह पुराना प्रकरण चल रहा था। संबंधित की समस्या का निराकरण मौके पर किया और रात्रि के समय आदेश जारी कर दिया गया। इसी प्रकार ग्रामीणों की अन्य नाली पानी जैसी समस्याएं भी सामने आईं। जिसमें तहसीलदार शर्मा ने तुरंत मौके पर समस्याओं का निराकरण किया। इस मौके पर भाजपा मेहलुआ मंडल अध्यक्ष सुरेंद्रसिंह दांगी, पटवारी सौरभ भदौरिया एवं समीपस्थ हल्का पटवारी अखिलेश तोमर, दीपक राजपूत एवं अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-4006
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-2325
उच्चतम भाव-2922
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव-2300
उच्चतम भाव-2360
चना
न्यूनतम भाव-4700
उच्चतम भाव-5300
मसूर
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-5910
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-1800
उच्चतम भाव-4726
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-4400
उच्चतम भाव-4650
सरसों
न्यूनतम भाव-4470
उच्चतम भाव-5300
उड़द
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव-7900
धान
न्यूनतम भाव-1400
उच्चतम भाव-4210
ज्वार
न्यूनतम भाव-1450
उच्चतम भाव-7000
तिल्ली
न्यूनतम भाव-14000
उच्चतम भाव-17000
बटरी
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-2600
मूंग
न्यूनतम भाव-4700
उच्चतम भाव-4700
धना
न्यूनतम भाव-5500
उच्चतम भाव-5500
अलसी
न्यूनतम भाव-3800
उच्चतम भाव-4450

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में मंगलवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से बडी संख्या में किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 9136 बोरे कृषि उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### किसान प्राकृतिक खेती के लिए करें पंजीयन

**सागर।** राज्य शासन द्वारा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए वृहद कार्यक्रम चलाये जाने का निर्णय लिया गया है। इसी क्रम में प्राकृतिक खेती करने के इच्छुक कृषकों के पंजीयन के लिए पोर्टल तैयार किया गया है। किसानो से प्राकृतिक खेती के लिए ऑनलाईन पंजीयन करने के लिए प्रक्रिया अपनाने की अपील की गई है। किसान अपने मोबाइल पर विभागीय वेबसाईट पर किसान पंजीयन के लिए क्लिक करें।

### पुष्पाबाई का निधन

**गंजबासौदा।** मंगलवार को स्वर्गीय शिखरचंद्र अटारी वालों की पत्नी एवं राजू, मनीष, मनोज की माताजी तथा राजदीप, समकित की दादीजी पुष्पाबाई का निधन हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा शाम के समय निज निवास स्थान धूसरपुरा से पाराशरी विश्राम धाट के लिए निकाली गई।

### नए नियम लागू किए जाने के चलते ड्रायवर यूनियन हड़ताल पर

# दूसरे दिन भी बसों का संचालन रहा पूरी तरह से बंद, ट्रेनों में उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासन द्वारा नए नियम लागू किए जाने के विरोध में ट्रक संचालक यूनियन एवं वाहन ड्रायवर यूनियन द्वारा हड़ताल किए जाने से परिवहन व्यवस्थाएं गड़बड़ा गई हैं। दूसरे दिन भी बस ड्रायवरों के हड़ताल पर रहने के चलते नगर सहित ग्रामीण अंचलों में बसों का संचालन नहीं हो सका। जिसके चलते बस यात्रियों को बसों के इंतजार में परेशान होना पड़ा। बस स्टेण्ड पर जहां बस ड्रायवरों ने अपनी अपनी बसें खड़ी कर नियम को वापिस लेने की मांग की। वहीं बस स्टेण्ड पर बस यात्री, बसों के इंतजार में बैठे देखे गए। जब बसें चलती नहीं दिखीं तो थक हार कर वह अन्य वाहनों की मदद से अतिरिक्त रुपए खर्च कर अपने अपने गंतव्य के लिए रवाना हुए।






वहीं बसों का संचालन दो दिनों से बंद रहने से रेल्वे स्टेशन पर रेल यात्रियों एवं अपडाउनर्स की संख्या में एक दम से बढ़ोत्तरी हो गई है। रेल्वे स्टेशन स्थित सभी प्लेटफार्म पर बड़ी संख्या में रेलयात्री देखे जा रहे हैं। वहीं ट्रेनों में रेलयात्रियों को बैठने एवं खड़े होने के लिए भी जगह नहीं मिल रही है। सभी ट्रेनें फुल होकर आ रही हैं। दूसरी ओर तेज सर्दी के चलते अधिकांश ट्रेन बिलंव से चल रहीं हैं। जिसके कारण रेल यात्रियों एवं अपडाउनर्स को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अपडाउनर्स ने बताया कि कुछ लोग बसों से अपडाउन करते थे लेकिन बसों का संचालन दो दिनों से बंद है। जिसके कारण ट्रेनों में भीड़ गई है। वहीं दूसरी ओर ड्रायवर एवं ट्रक एसोसियेशन की हड़ताल का सीधा असर पेट्रोलियम आपूर्ति पर भी पडा। सोमवार को पेट्रोल, डीजल की आपूर्ति बाधित होने से पेट्रोल पंपों पर अपने वाहनों के लिए सुबह से पेट्रोल डीजल लेने वालों की भीड उमड़ पडी जिसके चलते दोपहर को पेट्रोल डीजल का स्टाक खत्म हो गया और संचालकों को अपने पंप बंद करना पडे। मंगलवार को नगर के पेट्रोल पंप बंद होने से दो पहिया, चार पहिया वाहन चालक डीजल, पेट्रोल के लिए इधर उधर भटकते हुए परेशान होते देखे गऐ।




# निकली भव्य कलश यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान गंगा यज्ञ को लेकर मंगलवार को भव्य कलश यात्रा श्री हनुमान मंदिर विश्वकर्मा धर्मशाला से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से होकर कथा स्थल बहलोट बायपास स्थित शंकर जी वाली गली वार्ड नंबर 7 पहुंची। कथा के प्रथम दिवस पंडित सुनील शास्त्री द्वारा भागवत का महत्व एवं भक्ति देवी की कथा और महत्व को बताया गया। जिसमें उन्होंने कहा मनुष्य तन बड़ी मुश्किल से मिलता है, इसे ऐसे ही नहीं गवांए, अच्छा कर्म एवं व्यवहार से दूसरों के सुख-दुख दर्द को समझेंगे तो ठाकुर की कृपा प्राप्त होती है और भक्ति से भगवान को पाया जा सकता है। कथा में मंशापूर्ण मंदिर से पधारे 1008 महंत रामगुलाम महाराज शामिल हुए और सभी भक्तों को आशीर्वाद प्रदान किया। कथा में लालाराम सेन, शैलेंद्र कुशवाहा, रवि शंकर लोहिया, विशाल वैष्णव, महेश दीक्षित, महेंद्र योगी, विकास सेन, राजा बाबू, महेश डीजे सहित पंडित प्रताप भानु दीक्षित, पंडित ऋषभ महाराज, पंडित सत्यम मिश्रा सहित अनेक श्रद्धालुगण मौजूद थे।

# विहिप द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में चलाया जा रहा परिवार संपर्क अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

विश्व हिन्दू परिषद के तत्वावधान में संघ विचार परिवार के कार्यकर्ता शहर के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रत्येक हिन्दू परिवार में जाकर अयोध्या के पूजित अक्षत, राम मंदिर का चित्र और आग्रह पत्र सौंपकर अयोध्या प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी को हर घर में राम दीवाली मनाने का आग्रह कर रहे हैं। इस दिन घर घर में रंगोली बने, घर पर भगवा ध्वज लगे तथा रात्रि में दीप मालिकाओं को पड़ोस के किसी भी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण देखने की व्यवस्था ग्रामवासी करें। जब राम 14 वर्षों के वनवास के उपरांत अयोध्या लौटे थे, तब अयोध्यावासियों ने दीपावली मनाई थी। आज 492 वर्षों के बाद राम अपने भव्य मंदिर में विराजमान हो रहे हैं। इसलिए देशभर में इसका महोत्सव मने एसा पूज्य संतों और राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का आग्रह है। मंगलवार को विश्व हिन्दू परिषद के ऊहर प्रखंड के सभी ग्रामों में भी घर घर संपर्क किया गया जो 15 जनवरी तक जारी रहेगा।

# नवनिर्वाचित विधायक का किया सम्मान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नर्व निर्वाचित क्षेत्रीय विधायक हरीसिंह रघुवंशी के जनपद पंचायत में प्रथम आगमन पर स्वागत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। सम्मान समारोह में जनपद अध्यक्ष नीतू देवेन्द्र रघुवंशी ने शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर विधायक हरीसिंह रघुवशी का सम्मान किया। इस मौके पर पंकज ऐलिया, सीमा अहिरवार, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि देवेन्द्र सिंह रघुवंशी, जनपद उपाध्यक्ष गोविंद गुर्जर शामिल रहे। सम्मान समारोह में जनपद क्षेत्र के सभी जनपद सदस्य, ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक सहित कार्यालयीन स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक हरीसिंह रघुवंशी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र का विकास सरपंच एवं नगरीय क्षेत्र में वार्ड पार्षद के बिना किया जाना संभव नहीं है। इसलिए सभी सरपंच ईमानदारी के साथ अपनी ग्राम पंचायत के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोडें। उन्होने कहा कि ग्राम पंचायत में निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। कार्यक्रम को जनपद अध्यक्ष नीतू देवेन्द्र सिंह रघुवंशी, जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य अमृतांशु यादव, सरपंच संघ अध्यक्ष अशोक राय, सचिव अनन्तसिंह विश्वकर्मा, ग्राम रोजगार सहायक शरद गौड़ ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनपद सदस्य, ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव एवं जीआरएस मौजूद रहे। कार्यक्रम का आभार जनपद सीईओ भगवान सिंह द्वारा व्यक्त किया गया।

# मां शारदा सेवा मंडल ने किया भंडारा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मां शारदा सेवा मंडल द्वारा देवी शक्ति पीठ मैहर धाम में नववर्ष के उपलक्ष्य में रात्रि जागरण और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सेवा मंडल द्वारा आयोजन का इस बार 23 वां वर्ष है। सोमवार को नववर्ष के उपलक्ष्य में चुनरी यात्रा और कन्या पूजन के उपरांत मैहर के पुलिस चौकी के सामने विशाल भंडारे में करीब 4000 से अधिक श्रद्धालुओं को हलुआ, चना, सब्जी पूड़ी की प्रसादी वितरित की गई।



सेवा मंडल से जुड़े इस आयोजन में नगर के अलावा भोपाल, बुरहानपुर, विदिशा, इलाहाबाद, बनारस, कानपुर सहित अन्य जिलों के देवी भक्त सम्मिलित हुए। ज्ञात हो कि मैहर में नगर के मां शारदा सेवा मंडल से जुड़े भक्तों द्वारा हर वर्ष दो दिवसीय चुनरी यात्रा, रात्रि जागरण के साथ-साथ नववर्ष के आगमन पर विशाल भंडारे का आयोजन कराया जा रहा है। इस वर्ष आयोजन का यह 23 वा वर्ष था। तीस दिसंबर को करीब सौ से अधिक श्रद्धालुओं का एक जत्था रात्रि को रेवांचल एक्सप्रेस से मैहर रवाना हुआ। 31 दिसंबर को चुनरी यात्रा के उपरांत रात्रि को देवी जागरण में नगर के अलावा बनारस, सिरोंज, विदिशा एवं भोपाल के भजन गायक कलाकारों ने एक से बढ़कर एक देवी भजनों की प्रस्तुति देकर अनूठा समा बांध दिया। मां शारदा सेवा मंडल के संस्थापक मनीष अरोरा ने बताया कि 1 जनवरी को कन्या पूजन के साथ मां को चुनरी भेंट करने के पश्चात देवी भक्तों के बीच मां शारदा के प्रिय भोग की प्रसादी वितरित की गई। बनारस से आए भजन गायक टीवी कलाकार विपुल चौबे ने भोजपुरी अंदाज में एक से बढ़कर एक देवी भजनों की प्रस्तुति देखकर पंडाल में भक्तों को नाचने मजबूर कर दिया। सिरोंज से आए भजन गायक रवि नेमा और नीरज शर्मा ने भी शानदार भजनों की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया।

### नागरिक उड्डयन मंत्री का जन्म उत्सव मनाया

**गंजबासौदा।** मंगलवार को नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का जन्म उत्सव बड़े ही धूमधाम से सिंधिया फैंस क्लब की ओर से काली माता मंदिर पर भजन आयोजित कर एवं कन्या पूजन पश्चात प्रसादी का वितरण कर मनाया गया। इस दौरान उपस्थित महिलाओं ने ज्योतिरादित्य सिंधिया की दीर्घायु की माताजी से प्रार्थना की। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी विशाल वैष्णव एवं महिला मंडल में सुनीता वैष्णव, सपना कुशवाहा, रितु शर्मा, स्नेहा शर्मा, भूमि शर्मा, मुस्कान शर्मा, निधि शर्मा, नेहा शर्मा, परी शर्मा सहित अनेक महिलाएं मौजूद थीं।



### मानदेय न मिलने से कार्यकर्ता व सहायिका परेशान

**गंजबासौदा।** क्षेत्र की दर्जनों आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यकर्ता एवं सहायिका 2 महीने से मानदेय न मिलने से आर्थिक तंगी के दौर से गुजर रही हैं। हालात यह हैं कि 2 महीने होने जा रहे हैं और मानदेय अभी तक नहीं मिला जिससे गृहस्थी का संचालन करने में काफी परेशानियों से यह वर्ग जूझ रहा है। क्योंकि इतने कम राशि में परिवार का संचालन ही बमुशिकल चल पाता है। उधार लेकर दुकानदार से सामान आदि लेकर घरेलू कार्य चल रहे हैं अब दुकानदार भी सामान देने से कतरा रहे हैं। कर्मचारियों को मानदेय नहीं मिला है और दुकानदार भी हफ्ते दो हफ्ते की उधारी के बाद दिए हुए सामग्री की राशि चाहते हैं इन हालातों में कार्यकर्ता और सहायिकाएं काफी परेशान हैं। उन्होने संबंधित विभाग से शीघ्र वेतन का भुगतान किए जाने की मांग की है।

### वेदांत आश्रम में श्रीराम कथा का दूसरा दिन

# माता-पिता ही हमारे सबसे पहले गुरु होते हैं : डॉ. वेदांती





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

वेदांत आश्रम में आयोजित हो रहे विराट शतचंडी महायज्ञ एवं श्रीराम कथा के द्वितीय दिवस में श्रीमद् जगतगुरु अनंतानंद द्वाराचार्य काशी पीठाधीश्वर स्वामी डॉ. रामकमल दास वेदांती महाराज ने गुरु की वंदना व सत्संग की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि हमें प्रत्येक क्षेत्र में एक श्रेष्ठ मार्गदर्शक की आवश्यकता होती है। सबसे पहले गुरु, हमारे वह माता-पिता होते हैं जो हमें उंगली पड़कर अपने आचरण से शिक्षा देकर हमें श्रेष्ठ पद पर ले जाते है। प्रत्येक महापुरुष ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता को दिया है और दूसरे गुरु होते हैं हमारे आदर्श शिक्षक जो हमें हमारी भौतिक शिक्षा के साथ-साथ परमार्थ पथ की शिक्षा देते हुए श्रीराम और कृष्ण के श्रेष्ठ आचरण का ज्ञान कराते हुए हमें जीवन की ऊंचाइयों पर ले जाते हैं। इन सबसे बढ़कर होता है हमारा आध्यात्मिक गुरु जो हमें भौतिकवाद से ऊपर उठाकर त्याग और तपस्या पूर्वक ईश्वर को प्राप्त करने की प्रेरणाएं देते हैं। क्योंकि मनुष्य के जीवन का लक्ष्य भौतिकवाद से आगे बढ़कर ईश्वर को प्राप्त करना है। आज हम देखते हैं कि शिष्य लोग दीक्षा ग्रहण कर लेने में ही जीवन की सार्थकता समझ बैठते हैं। हमें समय-समय पर अपने सद्गुरु के पास जाकर उनके आध्यात्मिक उपदेशों से ईश्वर की उपासना करते रहना चाहिए।

जब हम भौतिक जगत में अपने अच्छे आचरण से प्रत्येक वर्ग के व्यक्ति के चित्त को प्रभावित कर लेते हैं तभी ईश्वर भी हमारे आचरण से प्रभावित होकर हमें स्वीकार कर लेता है। ईश्वर को प्राप्त करने की सबसे पहली साधना दुर्व्यसन से दूर रहना है। जब तक कोई इंसान जर्दा तंबाकू गुटखा शराब मादक पदार्थ (ड्रग्स) के नशे में है तब तक उस पर भक्ति का नशा नहीं चढ़ सकता। आज भी युवा पीढ़ी में ऐसे बच्चे हैं जो अपने माता-पिता से प्यार, शिक्षकों में आदर्श भावना व अपने गुरु में श्रद्धा भाव रखते हुए अपने जीवन में ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहे हैं। प्राचीन काल में माता-पिता व घर के अंदर दादा-दादी अपने बच्चों में रामायण व भागवत की कहानी सुना कर बच्चों को अच्छा इंसान व भक्त बनने की प्रेरणा देते थे। आज की युवा पीढ़ी के माता-पिता को भी अपने बुजुर्गों के आदर्श का अनुसरण करते हुए अपने बच्चों में अपने से बड़ों के प्रति सम्मान की भावना एवं ईश्वर में भक्ति के बीज बोना चाहिए। क्योंकि वर्तमान की पीढ़ी हमारे देश और समाज का आदर्श है। कथा सुनने नगर सहित ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में महिला, पुरुष श्रद्धालुओं का जनसैलाव उमड़ा।

# बिना ध्येय के मानव जीवन व्यर्थ है : शुक्ला




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मानव जीवन में ध्येय बनाएं प्रयास करते रहें। जीवन में सफलता जरूर मिलेगी। जिज्ञासा, चाह, लगन का होना, मदद की इच्छा रखना, समय का सदुपयोग करना, समय को सीमित करना है। सजग रहना और अल्पाहारी होने से ही छात्र की सफलता है। यह बात सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल के एनएसएस शिविर के बौद्धिक सत्र में जवाहरलाल नेहरू बीएड कालेज के लक्ष्मी नारायण शुक्ल ने स्वयंसेवकों से कही। इस दौरान थेरेपिस्ट डॉ. सुनील चौहान ने शारीरिक व्यायाम के साथ शरीर की मांसपेशीय संरचना और उससे जुड़े रोगों से बचने के उपाय बताए। सृष्टि सेवा समिति के सदस्य सुनील शर्मा ने प्रकृति के पंच तत्वों का महत्व और उनके असंतुलित होने पर विस्तार से बात की। विज्ञान विद डॉ. विजय जैन ने रहन-सहन व्यवस्था, हिंसा के रूप, हिंसा से बचाव के उपाय, पाप पुण्य, झूठ, अहिंसा पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम अधिकारी केपी चौहान ने शिविर की गतिविधियों और बालिका इकाई प्रभारी रजनी गुप्ता ने हास्य बुंदेली कथा के माध्यम से जमकर हंसाया। अनुज सेन, सक्षम जैन ने संचालन एवं प्राचार्य उमेशचंद्र यादव ने आभार व्यक्त किया। स्नेहा पांडे ने नृत्य प्रस्तुत किया। जीवाजीपुर में स्वयंसेवकों ने नाटिका के माध्यम से जाग्रत किया और श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया।

# आज से कृषि उपज मंडी में गल्ला व्यापारी नहीं लेंगे नीलामी में भाग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार को अनाज एवं तिलहन व्यापारी संघ ने कृषि उपज मण्डी समिति सचिव को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें कृषि उपज मण्डी में डाक नीलामी बंद किए जाने की मांग की गई। दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि विगत दो दिनों से प्रदेश में ड्राइवरों द्वारा हड़ताल किये जाने के कारण, मण्डी में व्यापारियों को माल की लोडिग हेतु वाहनों की उपलब्धता बंद हो गई है तथा ट्रक ट्रांस्पोर्ट ऐसोशियेशन द्वारा गाड़ियों के परिचालन नहीं किया जा रहा है। ड्राइवरों की हड़ताल के चलते एवं केश डिलेवरी वाहन नहीं चल पाने से बैंकों द्वारा नगद रूपये देने में भी असमर्थता व्यक्त की है। जिसके कारण व्यापार संघ द्वारा निर्णय लिया गया है कि बुधवार से व्यापार संघ डाक नीलामी में भाग लेने में असमर्थ रहेगें। इस कारण जब तक ड्रायवरों की हड़ताल का निराकरण नहीं होगा तब तक डाक नीलामी बंद रहेगी। उधर व्यापारियों के इस निर्णय के बाद मंडी समिति ने भी नीलामी बंद करने का आदेश जारी कर दिया। जिसको लेकर कृषि मण्डी कर्मचारियों ने ध्वनि विस्तारक यंत्र से 3 जनवरी से डाक नीलामी बंद होने की घोषणा कर दी। जिससे अधिक से अधिक किसान सूचित होकर परेशान न हों।

## पेट्रोल पंपों पर नही मिला पेट्रोल, वाहन चालक होते रहे परेशान, दूध के लिए भी यहां-वहां भटकते नजर आए नागरिक

# बस और बड़े वाहनों के थमें पहिए, सब्जियों के भाव में आया उछाल

### शहर में पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं है, नागरिक अफवाहों पर ध्यान न दें: एसडीएम हर्षल चोधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

पूरे देष में चल रही वाहन चालको की हडताल का असर सोमवार को पेट्रोल पम्पो पर देखा गया था। लेकिन हडताल के चलते बसों व ट्रकों अन्य वाहनों के पहिए थमने के कारण मंगलवार को हडताल का ज्यादा असर देखा गया। ड्राइवरों के हडताल पर जाने से एक तरफ स्कूली बच्चों की बस व स्कूल बेन बंद रही तो वही भोपाल सहित अन्य शहरों से आने वाली सब्जिया मण्डी में नही आने से सब्जियों की कमी होने के कारण सब्जियों के दामो में उछाल देखा गया। ड्राइवरो की हडताल की जानकारी जैसे ही आम नागरिकों को लगी तो बडी संख्या में नागरिको ने पेट्रोल पम्पों पर पहुचकर अपने दो पहिया व चार पाहिया वाहनों की टंकिया फुल करा ली। वही सुबह से लेकर देर रात तक नगर सहित आसपास के क्षेत्रो में पेट्रोल पम्पो पर भारी भीड देखी गई।

**महंगे दामो में बिकी सब्जिया** - सिरोंज में देखा जाए तो हर प्रकार की हरी सब्जियों की पैदावार होती है। लेकिन कई सब्जियों की पैदावार कम मात्रा में होने के कारण भोपाल व अन्य आसपास के शहरों से बडी मात्रा में प्रतिदिन सब्जिया सिरोंज मण्डी में पहुचती है। मंगलवार को ड्राइवरों की हडताल के चलते अन्य शहरों से सब्जिया मण्डी में नही आने के कारण सब्जी विक्रेताओं ने ऊचें दामो पर सब्जियों का विक्रय किया। सब्जी विक्रेता अषोक कुषवाह ने बताया कि हर रोज की तरह हम मण्डी में सब्जिया लेने पहुचे तो मण्डी में सब्जिया नही मिली जिस कारण जो एक दिन पहले की रखी हुई सब्जियों को ही बेचना पड़ा। बाहर से सब्जिया न आने से मण्डी में ऊचें दामो पर सब्जियो को खरीदना पड़ा। इसी के साथ किराना सामग्री के दामो में असर देखने को मिला।




### एक दिन पहले मची रही भीड़, दूसरे दिन छाया रहा सन्नाटा

नववर्ष के अवसर पर कई व्यक्तियों ने अपने परिवार के साथ पिकनिक व अन्य जगहों पर घूमने जाने का प्लान बनाया लेकिन ड्राइवरो की हड़ताल ने कई परिवारों के घूमने फिरने पर रोक लगा दी। हड़ताल के चलते पेट्रोल न मिलने की खबर से सोमवार को प्रात 7 बजें से लेकर देर रात तक दो पाहिया वाहन चालकों की पेट्रोल पम्पों पर भीड नजर आई। नागरिकों ने घंटो लाइनो में खडें रहकर अपने वाहनों की टंकियों को फुल कराया। तो वही मंगलवार को पेट्रोल की कमी के चलते अधिकांष पेट्रोल पम्पो पर सुबह से ही सन्नाटा छाया रहा। पेट्रोल पम्प संचालक संजू भार्गव ने बताया कि सोमवार को पेट्रोल न मिलने की खबर से दिनभर पम्प पर वाहनों की भीड लगी रही जिस कारण अधिकतर लोगो ने एक दिन पहले ही पेट्रोल खरीद कर रख लिया। हम प्रयास कर रहे है कि पेट्रोल के लिए किसी भी नागरिक को परेशान न होना पडें।

### दूध न मिलने से परेशान होते रहे नागरिक

यदि दूध सप्लाई की बात की जाए तो आसपास ग्रामीण क्षेत्रो से बडी मात्रा में दूध की सप्लाई की जाती है। इसी के साथ भोपाल,विदिषा व अन्य शहरों से प्रतिदिन बडें वाहनों से सांची सहित अन्य कम्पनिको के दूध की बडी मात्रा में सप्लाई की जाती है। लेकिन मंगलवार को भोपाल व अन्य शहरों से दूध की गाडिया न आने से शहर के नागरिको दूध के लिए परेशान होना पड़ा। जो व्यक्ति प्रतिदिन दूध की थैली लेते है वह व्यक्ति मंगलवार को दूध के लिए यहा वहा दूध की तलाष करते नजर आए। तो वही दूध न मिलने के कारण कई लोगो को चाय तक नसीब नही हुई तो किसी ने घर की चाय न मिलने से होटलों पर चाय पीकर अपने दिन की शुरूआत की।

### बसों के पहिए थमने से परेशान हुए यात्री

मंगलवार को नगर के बस स्टेण्ड पर शांतिपूर्ण माहौल देखा गया। ड्राइवरों की हडताल से बसों के पहिए थमने के कारण बस स्टेण्ड पर पूरे दिन यात्री बसों के जाने का इंतजार करते नजर आए। तो वही बसों व अन्य बडें वाहनों के न चलने से बस स्टेण्ड पर प्रतिदिन की तरह सोरगुल न होने से बस स्टेण्ड पर सन्नाटे की गूंज सुनाई दी। साथ ही अन्य शहरों के लिए जाने के लिए नागरिकों ने दो पाहिया वाहन को ज्यादा उपयोग किया तो किसी ने निजी वाहनों में लिफ्ट लेकर काम चलाया।

### पेट्रोल की कमी नहीं

आखिर क्यों हुए पम्पो पर पेट्रोल खत्म - सिरोंज शहर व आसपास क्षेत्रों में इतने पेट्रोल पम्प है कि यदि तीन चार हडताल भी चले तो पेट्रोल की कमी नही दिखाई देगी। लेकिन सोषल मीडिया पर बार बार दिखाया जा रहा था कि एक तारिक से पेट्रोल व डीजल के दाम कम हो जाएगें। दाम कम होने के कारण पेट्रोल पम्पों के मालिकों ने पेट्रोल व डीजल नही मंगाया। पंप संचालकों को यह डर सता रहा था कि कही ऐसा न हो कि हम 31 दिसम्बर को पेट्रोल डीजल मंगा कर रख ले और 1 जनवरी से पेट्रोल-डीजल के दाम कम हो जाए। इसी डर के कारण अधिकतर पम्प संचालकों ने पेट्रोल नही मंगाया। वही इसी बीच ड्राइवर की हड़ताल हो जाने के कारण क्षेत्र में अफबाह उड गई कि पेट्रोल पम्पों पर पेट्रोल खत्म होने वाला है। जिस कारण 1 जनवरी को पेट्रोल भरवाने के लिए पम्पो पर नागरिकों की भीड लगी रही।

**एसडीएम बोले-** क्षेत्र में पेट्रोल-डीजल की नही आएगी कमी - वाहन चालको की हडताल के पहले ही प्रषासन सजक हो गया था। शहर में जब पेट्रोल पम्पों पर लाइने लगी और अफबाह उडी की सिरोंज में पेट्रोल डीजल नही मिल रहा। इसको लेकर हमनें पहले से ही पेट्रोल पम्पों पर सख्ती से निर्देष दिए थे कि इंमरजेन्सी में पेट्रोल-डीजल को बचा कर रखा जाए। प्रतिदिन बीना से पेट्रोल-डीजल के टेंकर पुलिस अभिरक्षा में बुलाए जा रहें है जिससे पेट्रोल-डीजल में कमी नही आएगी। क्षेत्र में काफी अफबाह फैल रही है नागरिक उन पर ध्यान न दे।

# नपा ने कड़कड़ाती सर्दी को देख प्रारंभ किया रेन बसेरा, शहर के अनेक स्थानों पर जलाए अलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



नगर पालिका परिषद सिरोंज ने इस कड़कड़ाती सर्दी को देखते हुए नगर पालिका शादी हॉल में अस्थाई रेन बसेरा प्रारंभ कर दिया है। वही एसडीएम हर्षल चौधरी ने बताया कि 31 दिसम्बर से रेन बसेरा प्रांरभ किया गया था। इस रेन बसेरा में रजाई-गददो की पूरी व्यवस्था की गई। इसी के साथ नगर पालिका द्वारा शहरवासियों को सर्दी से बचाव के लिए शहर में अनेको स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की गई है। वही उन्होने बताया कि पहले दिन रेन बसेरा में कोई भी व्यक्ति नही पहुचा था। वही उन्होने शहरवासियों से अपील की है कि यदि शहर में कोई भी असहाय मजबूर व्यक्ति जिसके पास सर्दी से बचाव के लिए कोई व्यवस्था नही है तो वह व्यक्ति रेन बसेरा में पहुचकर सर्दी से बचने के लिए आ सकता है।

### वरिष्ठ पार्षद तोषमणि पंथी की माताजी का देहावसान



सिरोंज। नगर पालिका के वरिष्ठ पार्षद तोषमणि पंथी की माता श्री का आकस्मिक निधन हो गया। इस मौके पर शहर में विभिन्न सामाजिक संगठनों व राजनैतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के अलावा पत्रकार महासघ के अध्यक्ष राजीव जैन सैनानी शोक श्रद्धाजंलि अर्पित की।

# पीले चावल, राम मंदिर का चित्र और पत्र देकर विश्व हिंदू परिषद कर रही घर-घर संपर्क

**सिरोंज**। नगर के सभी बस्तियों में 1 जनवरी से विश्व हिंदू परिषद द्वारा ग्रह संपर्क अभियान प्रारंभ किया गया है। ग्रह संपर्क अभियान के दौरान पीले चावल राम मंदिर का चित्र और पत्र देकर सभी से घर-घर जाकर आग्रह किया जा रहा है कि अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को भव्य राम मंदिर में रामलाल की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होना है इस प्राण प्रतिष्ठा समारोह से देश भर के हिंदू समाज को जोड़ने के लिए विश्व हिंदू परिषद देश भर में 1 जनवरी से 15 जनवरी के मध्य अक्षत वितरण



अभियान चलाएगी जिसके माध्यम से ग्राम ग्राम तक प्रत्येक हिंदू परिवार में जाकर अयोध्या के पूजित अक्षत प्रस्तावित राम मंदिर का चित्र और पत्र दिए जाएंगे और हिंदू समाज से प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन 22 जनवरी को अपने घर में साज-सज्जा करने रंगोली बनाने भगवा ध्वज लगाने तथा रात्रि में दीपक जलाने का आग्रह किया जा रहा है। साथ ही अपने पड़ोस के मंदिरों को अयोध्या की तरह मानकर वहां प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण देखने एवं मंदिर में रामधुन भजन कीर्तन आदि करने का भी आग्रह किया जा रहा है।

# तीन साल से परेशान हो रहे किसान की समस्या सुलझी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरवाई

ग्राम मेहलुआ निवासी किसान हरि नारायण पुत्र हल्का जाति कुशवाह का सन 2020 में खेती की जमीन जो लगभग डेढ़ दो वीघा है। कंप्यूटर से पटवारी रिकॉर्ड में नाम हट गई थी। जिसको वापस जुड़वाने के लिए यह किसान 3 सालों से तहसील के चक्कर काट रहा था।

मंगलवार को तहसील परिसर में होने वाली जनसुनवाई में यह किसान अपनी समस्या लेकर एसडीएम मनोज प्रजापति तहसीलदार संदीप शर्मा के समक्ष उपस्थित हुआ। किसान ने अधिकारियों को अपनी पीड़ा विस्तार से बताई।

किसान ने कहा कि सन 2020 में पटवारी रिकॉर्ड के कंप्यूटराइजेशन होते समय उसकी जमीन के खसरा क्रमांक से उसका नाम हट गया था जिसको लेकर उसने तहसील में अपील की थी जिसका प्रकरण 2020 से चल रहा था और वह लगातार पेशी पर उपस्थित हो रहा था परंतु उसकी



समस्या का निराकरण नहीं हो पा रहा था जिसको संज्ञान में लेते हुए तहसीलदार संदीप शर्मा ने तुरंत किसान का प्रकरण निकलवाया और पटवारियों की टीम बनाकर तत्काल उसकी समस्या का निराकरण करने का आदेश दिया। पटवारियों ने संबंधित किसान की संपूर्ण जानकारी पंचायत से लेकर और पूर्व के रिकॉर्ड को देखकर अपनी रिपोर्ट तहसीलदार को प्रस्तुत की जिसमें किसान का पूर्व से नाम होना पाया गया। जिसके आधार पर तहसीलदार ने तत्काल कंप्यूटर में किसान का नाम दर्ज करा कर किसान को खसरा की नकल उपलब्ध कराई। किसान ने बताया कि वह तो रिकॉर्ड दुरुस्ती की उम्मीद छोड़ चुका था।

### दूसरे दिन भी थमे रहे यात्री बसों के पहिए, यात्री हुए परेशान

**बरेली**। हिट एण्ड रन कानून के विरूद्ध वाहन चालकों की हड़ताल से दूसरे दिन भी यात्री बसों के पहिए थमे रहे। स्कूल वाहन भी सड़कों पर न आने, स्कूलों में अवकाश की स्थिति रही। वही दूसरी ओर नगर के पेट्रोल, डीजल टेंको पर रिक्त की स्थिति के कारण दो पहिया, चार पहिया वाहन चालक भारी परेशान रहे। सैकड़ों लोगों को डीजल, पैट्रोल के अभाव में वाहन खड़े करना मजबूरी बना रहा। हिट एंड रन कानून में किए बदलाव का नगर में व्यापक असर बना नजर आ रहा है। भोपाल, जबलपुर, पिपरिया, होशंगाबाद, सिलवानी, बेगमगंज, रायसेन, विदिशा, करेली, गाडरवारा मार्गो पर यात्री बसों का संचालन न होने से सेकडो यात्री विभिन्न स्थानों के लिए जाने आने परेशान बने रहे। जिन्हें जरूरी काम और यात्रा करना थी, ऐसे लोग किराये के वाहनों में सफर करने मजबूर बने रहे। दूसरे दिन भी नगर का बस स्टेण्ड सुनसान खाली सा बना रहा। नगर एवं क्षैत्र में हजारों दो पहिया, चार पहिया वाहन हैं। सोमवार को जब तक टेंको पर पैट्रोल डीजल था, वाहनो में भरता रहा। अधिकांश टेंको पर रात में ही स्टाक समाप्त होने की स्थिति रही। दूसरे दिन मंगलवार को सुबह से ही वाहन चालक डीजल, पेट्रोल की तलाश में एक से दूसरे टेंक की ओर भागते रहे। दिन भर स्थिति ऐसी ही रहने के बाद आखिरकार वाहनों को खड़ा कर देना मजबूरी बन गया।

### हत्याकांड के दो आरोपी गिरफ्तार

**बरेली/खरगौन**। 29 दिसम्बर की रात्रि में जन्मदिन पार्टी के बाद शराब पार्टी के दौरान हुए विवाद में लाल सिंह अहिरवार को घर से बुला कर ले गए और कुल्हाडी से वार कर उसकी हत्या की गई। उक्त हत्याकांड में तीन नामजद आरोपियों में एक नाबालिग भी था। घटना के बाद तीनों आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने तीनो हत्यारोपियों की तलाश जारी रखी गई। उप निरीक्षक सुखदेव भालेराव ने बताया कि 2 हत्यारोपी जिसमें एक नाबालिग साढे सोलह साल उम्र का है, एवं प्रीतम अहिरवार उम्र 19 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया है। घटना का मुख्य आरोपी हल्कारी अहिरवार अभी भी फरार बना हुआ है, जिसको पुलिस तलाश कर रही है।

# मदनई ग्राम में ब्लड प्रेशर के मरीजों की लगी लाइन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर

विकासखंड की ग्राम पंचायत मदनई पचपेडिया पहुंची। जहां पर मदनई ग्राम पंचायत में विकसित भारत यात्रा में अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना के बाद कार्यक्रम विधिवत प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के शासकीय योजनाओं के अधिकारी कर्मचारी अपने-अपने स्टोल लगाकर ग्रामीण जनों की समस्याएं सुन रहे थे एवं आवेदन ले रहे थे। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के काउंटर पर दर्जनों की संख्या में ग्राम की महिला पुरुष अपना बीपी चेक करा रहे थे। जिसमें देखा गया कि ग्राम के महिला पुरुष का बीपी बहुत बड़ा हुआ आ रहा था जिसमें डॉक्टर भी चकित रह गए की सभी गांव का इतना बीपी क्यों हाई है। डॉक्टर ने बीपी के मरीजों को सलाह दी है कि खाने पीने का ध्यान रखें और तेज तला हुआ भोजन, तेल नमक खाने में अधिक उपयोग न करें। अतिथियों के द्वारा मंच के माध्यम से केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी सभी ग्रामीणों को दी गई । कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष राजेश यादव, भगवान सिंह दांगी, राजेश यादव, सरपंच बिहारी लाल कुशवाह, हरि नारायण यादव, कमल सिंह प्रजापति, अनिल शर्मा, फारूक अली, बैनी कुशवाह, राघवेंद्र शर्मा, जानकी कुशवाहा, गोकुल बंसल आदि मौजूद रहे।

# नगर गौरव दिवस मनाने बैठक: शहीदों के नाम गीतों भरी शाम कार्यक्रम और स्मारक का होगा लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

भोपाल राज्य विलीनीकरण आंदोलन के दौरान 6 जनवरी 1949 को बरेली में नबावी पुलिस के लाठी चार्ज में दो युवा शहीद हुए थे। 6 जनवरी को नपं. द्वारा नगर गौरव दिवस मनाने का निर्णय लिया गया है। मंगलवार को नपं. के सभा कक्ष में नगर के स्कूलों, निराला समिति एवं नपं. के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षदों की संयुक्त बैठक हुई जिसमें नगर गौरव दिवस पर एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम की रूपरेखा पर विचार किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के परिवार कल्याण स्वा. राज्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल के साथ अन्य अतिथियों की उपस्थिति रही।



नगर गौरव दिवस मनाने, कार्यक्रम आयोजन की महत्वपूर्ण बैठक में नपं. अध्यक्ष हेमन्त चौधरी, उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत, निराला समिति के संरक्षक पत्रकार सुरेश बिदुआ, अध्यक्ष साहब सिंह धाकड़, गोपाल बांसल, अनिल वर्मा, पार्षद सै.अफजल अली, अरविन्द मालवीय, ठाकुर सिंह पटैल, पप्पू मेहरा, भरत शर्मा, शिवराज सिंह चौहान, स्कूल संचालक प्रशान्त राठी, दिनेश शर्मा, कन्या शाला से शिवनारायण सक्सेना, नंदू चांडक, श्याम धाकड, शरद राठी के साथ नपं. के कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

### स्मारक का निर्माण

नपं. द्वारा बडा बाजार सब्जी मंडी के निकट जहॉ भोपाल नबाव की पुलिस की लाठिया खाते हुए दो युवा रामप्रसाद अहिरवार एवं जुगराज सोनी शहीद हुए थे, वहॉ शहीद स्तंभ का निर्माण लगभग पूर्ण हो चुका है। इस शहीद स्तंभ का लोकापर्ण राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटैल द्वारा किया जाएगा।

### जन सुनवाई में सुनी गई आम लोगों की समस्याएं

**सागर**। कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में डिप्टी कलेक्टर भव्या त्रिपाठी एवं सिटी मजिस्ट्रेट शैलेंद्र सिंह ने आम लोगों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभाग के अधिकारियों को तत्परता से निराकरण के निर्देश दिए। राज्य शासन के निर्देश पर आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में आज कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई हुई। जिले के 32 आवेदकों के प्रकरणों में सुनवाई कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गई। जनसुनवाई में लोगों की समस्याओं को सुना और उनका निराकरण किया गया।

# पूर्व छात्र सम्मलेन में कैरियर संबंधी जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद

जवाहर नवोदय विद्यालय में पूर्व छात्रों का सम्मलेन का आयोजित किया गया।

पूर्व के वर्षों विद्यालय में अपनी पढ़ाई पूरी कर निकले करीब 70 पूर्व छात्र उपस्थित हुए। सर्व प्रथम विद्यालय आने पर पूर्व छात्रों का तिलक लगाकर पारम्परिक विधि से स्वागत किया गया। प्रभारी प्राचार्य एके राजे, विद्यालय के पूर्व शिक्षक केपी कोरी, डीएस तोमर ने कार्यक्रम की शुरूआत की। प्रभारी प्राचार्य एके राजे ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यालय से प्राप्त शिक्षा और संस्कारों से छात्र देश भर में विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों कि मनमोहक प्रस्तुति दी गई। पूर्व छात्र डॉ. विवेक चौकसे असिस्टेंट प्रोफेसर, शास. चिकित्सा महाविद्यालय विद्यालय विदिशा की टीम द्वारा बेसिक लाइफ सपोर्ट के लिए सीपीआर की ट्रेनिंग छात्रों को दी गई। पूर्व छात्रों द्वारा अलग अलग विषयों पर कैरियर के सम्बन्ध में अध्यनरत छात्र छात्राओं को जानकारी दी गई। पूर्व शिक्षक केपी कोरी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा की आप सपने देखें और उन्हें साकार करने के लिए प्रयास करें। नवोदय एल्युमनी एसोसिएशन विदिशा के अध्यक्ष राजेंद्र राजपूत ने वर्तमान छात्रों के लिए किए कार्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर पूर्व छात्रों में सीएम धाकड़, नफीस खान, डॉ. सुरेंद्र धाकड़, प्रमेन्द्र रघुवंशी,



लतीफ़ खान, डॉ. विवेक चौकसे, सोमेश तिवारी, राजीव काटियर, योगेंद्र दिनकर, ज्ञानेश यादव आदि ने सहभागिता की। ज्ञापन एल्युमनी प्रभारी डॉ. के. पी. एस. चौहान ने किया। कार्यक्रम के आयोजन में सुचिता खुराना, पवन मोहन कौरव, शशिकांत सांगोले, किरण गोपी, आसमीन खान, मनोज वर्मा, विनोद तिवारी, पीसी गौतम, सुरेश इरगर, रमेश राठौर सहित समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

Required the Application for the following Post
(I.I.H.R.D. COLLEGE VIDISHA)
Aahar-Vihar Parishar, Near Pole Factory,
Ahmadpur Road, Vidisha -464001 (M.P.) India
Ph : 07592-447394, Mobile-9977056113,9131002286
College Code-519
E-Mail : iihrd_07@rediffmail.com ,www.iihrdvidisha.co.in
(Affiliated to Barkatullah University Bhopal)
Application is invited for the appointment on Teaching Post under college Code 28 of the Barkatullah University.

| Post | Subject | No. of Post |
|---|---|---|
| 1- Asst. Professor | Seed Technology | 1 |
| 2- Asst. Professor | Botany | 1 |
| 3- Asst. Professor | Math | 1 |
| 4- Asst. Professor | Physics | 1 |
| 5- Asst. Professor | Chemistry | 1 |
| 6- Asst. Professor | Commerce | 2 |
| 7- Asst. Professor | Computer Science | 1 |
| 8- Asst. Professor | Political Science | 1 |
| 9- Asst. Professor | Sociology | 1 |
| 10- Asst. Professor | Economics | 1 |

Qualification as per U.G.C. Guidelines & Salary as per UGC Norms. The Application with complete details/Biodata should reach by 25/01/2024 by post or Email at the institute.

### विरोध प्रदर्शन जिलेभर में जारी, स्थिति ऐसी ही रही तो जरूरी सामग्रियों की होगी किल्लत

# हड़ताल का असर, डीजल-पेट्रोल का स्टॉक खत्म की कगार पर, दूध सब्जी के बढ़े दाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

ड्रायवरों की मांगे पूरी नहीं होने के चलते उनकी हड़ताल दूसरे दिन मंगलवार को भी जारी रही, जिससे पेट्रोल सब्जी और दूध सहित अन्य चीज प्रभावित होने लगी है। कई पेट्रोल पंप पर स्टॉक खत्म हो गया है, तो कही नाम मात्र का ही स्टॉक बचा हुआ है। हालत यह है कि पेट्रोल पंप पर लोगों की भीड़ लग रही है। शहर में 9 पेट्रोल पंप है, जिनमें से एक पेट्रोल पंप पर स्टॉक खत्म होने की वजह से पेट्रोल नहीं मिल पा रहा है। जबकि 8 पेट्रोल पंप सीमित स्टॉक है। सागर तिराहे स्थित एमएच ब्रदर्स पेट्रोल पंप के कर्मचारियों ने बताया कि उनकी गाड़ी पेट्रोल लेने भोपाल गई है जिला प्रशासन भी पूरा सपोर्ट मिल रहा है। फिलहाल अभी स्टॉक बचा हुआ है। अगर पेट्रोल का टैंकर आ जाता है, तो दिक्कत खत्म हो जाएगी पंप पर पेट्रोल सभी को दिया जा रहा है।

प्रशासनिक अधिकारी भी सभी प्रकार की जानकारियां ले रहे हैं, जिससे लोगों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। शहर में लगभग डेढ़ सौ से ज्यादा ट्रक के ड्राइवर है। जिनके द्वारा माल ट्रांसपोर्ट किया जा रहा है। सभी ने अपने वाहन खड़े कर नए कानून का विरोध का विरोध कर रहे हैं। कृषि उपज मंडी समिति द्वारा अलाउंस से किसानों के लिए सूचित किया गया है। हड़ताल का असर ट्रांसपोर्टिंग पर पड़ा है। ट्रांसपोर्टिंग नहीं होने की वजह से कल 3 जनवरी से हड़ताल खत्म होने तक धान की नीलामी नहीं होगी।

हिट एंड रन मामले में बनाए गए कानून के विरोध में ट्रैक और बस के पहिये थम गए हैं। ड्राइवर्स की हड़ताल के चलते रायसेन में मंगलवार सुबह दूध नहीं पहुंच पाया। वहीं मंडी में रोज की तुलना में कम सब्जी पहुंची जिससे सब्जियों के रेट दुगने हो गए।शहर में अलग-अलग कंपनियों के तीन दूध के डीलर हैं और लगभग 4000 लीटर की खपत होती है, पर हड़ताल के चलते मंगलवार को इन डीलरों के पास दूध नहीं पहुंच पाया जिससे काफी ग्राहक वापस लौटे और लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा लोकल डेरी के दूध से लोगों को काम चलाना पड़ रहा है। वहीं सब्जी मंडी में भोपाल और विदिशा की मंडी पहुंचने वाली सब्जी काफी कम मात्रा में पहुंची जिसके दुगने रेट रहे। आपको बता दें नई कानून के विरोध में मंगलवार दोपहर को सभी ड्राइवर्स द्वारा जमकर विरोध प्रदर्शन किया था।



### हड़ताल : कानून के विरोध में सड़कों पर उतरे ड्राइवर

*सिलवानी। केंद्र सरकार के द्वारा लागू किए गए हिट एण्ड रण कानून में कड़ाई के विरोध में सड़को पर उतरे ड्राईवर दूसरे दिन भी हड़ताल पर रहे। ड्राइवरो के हड़ताल पर चले जाने से ना केवल परिवहन सेवा प्रभावित हो रही है बल्कि माल वाहक वाहन ट्रक आदि ना चलने से नगर में भोपाल व अन्य स्थानों से नगर की सब्जी मंडी में आने वाली सब्जी नही आ सकी । हिट एण्ड रन कानून के विरोध में सडको पर उतरे ड्राइवरो ने सोमवार को कानून बापिस लेने की मांग करते हुए वाहन चालको ने नगर में एक जुलूस निकाल कर एसडीओपी को मांग पत्र सौंपा। ड्राइवरो की हड़ताल के चलते नगर के बस स्टेण्ड से संचालित होकर सागर, भोपाल, इंदौर, पिपरिया, बरेली, उदयपुरा सहित अनेक स्थानों पर जाने वाली यात्री बसे बस स्टेंड परिसर में ही खड़ी हुई है। बसो का संचालन ना होने से गंतव्य तक यात्रा करने वाले यात्रियो को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर व अंचल के पेट्रोल पपो पर वाहनो में दो, चार पहिया वाहनो में ईंधन भरवाए जाने वालो की भीड़ देखी जा रही है। यदि ड्राइवरो की हड़ताल लंबी खिचती है तो दूध सहित राशन सामग्री पर भी असर पड़ सकता है।*

### हिट एंड रन एक्ट के विरोध में ड्राइवर व कंडक्टर यूनियन ने राज्यपाल के नाम का सौंपा ज्ञापन

**बेगमगंज।** 1 जनवरी से हिट एंड रन एक्ट के विरोध में वाहन चालक वाहन खड़े करके हड़ताल में शामिल हो गए और नियम के विरोध में मंगलवार को महामहिम राज्यपाल के नाम का ज्ञापन एसडीएम सौरभ मिश्रा को सौंप कर काला कानून वापस लिए जाने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया है कि केंद्र सरकार द्वारा मोटर व्हीकल एक्ट में बदलाव कर नया कानून बनाया गया है जिससे दुर्घटना होने पर चालक पर सात लाख रूपए तक जुर्माना तथा दस साल तक की सजा का प्रावधान रखा गया है । दुर्घटना में मृत्यू होने पर उसे गैर इरादतन हत्या करना बताया गया है।

आपको बता दें कि कोई भी वाहन चालक जान-बूझ कर किसी भी जानवर तक को मारना नहीं चाहता। दुर्घटना आकस्मिक हो जाती है, उसके लिए गैर इरादतन हत्या जैसा कानून बनाना दुर्भाग्यपूर्ण है। क्योंकि हम वाहन चालको को चार से छः हजार रूपए प्रति माह वेतन मिलता है जिससे हमारे परिवार का बड़ी मुश्किल से गुजर बसर होता है कोई भी चालक सात लाख रुपए का जुर्माना कैसे भर सकता है। हम वाहन चालक मजदूर की श्रेणी में आते है ।

ज्ञापन में मोटर व्हीकल एक्ट के इस नए नियम को लागू करने का विरोध करते हुए महामहिम से मांग की है कि हम ड्राइवरों की आर्थिक स्थिति को समझते हुए केन्द्र सरकार से इसे रद्द कराने की मेहरबानी करें ।

ज्ञापन के संबंध में एसडीएम सौरभ मिश्रा मैं ड्राइवर कंडक्टर यूनियन के सभी लोगों से कहा कि आप शांति बनाए रखें आपकी मांग को तत्काल महामहिम के लिए भेजा जा रहा है।

### हादसे में 27 यात्री घायल, दो रेफर

## घना कोहरा और ड्राइवर की लापरवाही से पलटी यात्री बस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सतना से इंदौर जा रही चार्टर्ड स्लीपर बस घने कोहरे और ड्राइवर की लापरवाही के कारण रायसेन के बायापास पर सुबह 4 बजे रोड से 15 फीट नीचे खेत में पलट गई। बस में 29 यात्री सवार थे जिसमें से 27 यात्रियों को चोट लगी है। दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं जिन्हें भोपाल रेफर किया गया है। घायलों को 108 से जिला अस्पताल पहुंचाया गया सूचना मिलते ही मौके पर थाना कोतवाली पुलिस सहित आला अधिकारी पहुंचे और यात्रियों से घटना के विषय में जानकारी ली।

### इमरजेंसी गेट तोड़ कर यात्रियों को निकाला बाहर

यात्री बस पलटी तो चीख पुकार मच गई। अंधेरा होने के कारण यात्रियों को कुछ दिखाई नहीं दे रहा था, जिससे सभी यात्री घबरा गए और बस के ऊपर लगे दो इमरजेंसी गेट तोड़कर बाहर निकले। सतना से इंदौर जा रही यात्री आकांक्षा सिंह, सागर से इंदौर जा रही साक्षी जैन ने बताया कि ड्राइवर काफी तेज बस को चल रहा था बस बार बार जंप कर रही थी जिस कारण यह घटना घटी है। दोनों ही यात्रियों को हाथ में छोटे लगी है। बस पलटने की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन के सभी अधिकारी अस्पताल पहुंचे जहां पर यात्रियों से चर्चा की गई। एसडीएम मुकेश सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार, एसडीओपी मोहन सारवान, सीएमएचओ दिनेश खत्री, सिविल सर्जन डॉ अनिल ओढ़, आईएमओ विनोद परमार, थाना कोतवाली प्रभारी मनोज सिंह, डॉ प्रतीक शर्मा मौके पर मौजूद थे, जिनके द्वारा यात्रियों का उपचार कर उनकी कुशलता के विषय में जानकारी ली गई। वहीं कलेक्टर अरविंद दुबे और एसपी विकास कुमार शाहवाल घटना के विषय में अधिकारियों से जानकारी लेते रहे।

### बस में फंसे यात्रियों को निकलवाया बाहर बाद में खुद निकले

सतना से इंदौर अपने परिवार सहित जा रहे शिवकांत दुबे ने घटना के बाद बस में फंसे सभी यात्रियों को इमरजेंसी गेट से बाहर निकलवाया बाद में खुद बस के बाहर निकले। उन्होंने बताया कि उनके साथ अंकित दुबे अर्चना दुबे विमला दुबे शैलजा और गुन्नू थी, जिन्हें चोट लगी है। जबकि 7 साल की बच्ची गुन्नू बस पलटने से खेत में मिट्टी में दब गई थी, जिसे काफी मशक्कत के बाद बाहर निकल गया बच्ची सुरक्षित है। बस चालक काफी लापरवाही पूर्वक चला रहा था।

### राज्यपाल मंगुभाई आएंगे आज दीवानगंज

**रायसेन।** ग्राम पंचायत दीवानगंज में महामहिम राज्यपाल मंगुभाई पटेल के मुख्य आतिथ्य में आज बुधवार को सुबह 11 बजे विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित होगा। कलेक्टर अरविंद दुबे ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में दीवानगंज में आयोजित कार्यक्रम के गरिमामय आयोजन हेतु की गई तैयारियों की विस्तृत जानकारी लेते हुए समीक्षा की। साथ ही अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### 35 वर्षीय युवक ने अपने घर में फांसी लगा की आत्महत्या

**दीवानगंज।** थाना क्षेत्र के दीवानगंज पुलिस चौकी अंतर्गत आने वाले ग्राम सेमरा में मंगलवार सुबह अशोक पिता कैलाश अहिरवार 35 वर्षीय ने अपने घर पर फांसी लगा ली। परिजनों ने देखा तो तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची दीवानगंज पुलिस ने मर्ग का मामला कायमकर मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल पुलिस जांच में जुड़ गई है। अभी आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है कि युवक ने यह कदम क्यों उठाया। बताया जा रहा है युवक भोपाल में काम करता था और ड्राइवरों की हड़ताल के चलते आज वह काम पर नहीं गया था।

## पुण्य सलिला मां नर्मदा की गोद में मनेगा श्रीसिंह का जन्म दिन

### मां नर्मदा पूजन, कन्या पूजन व भंडारे का होगा आयोजन कार्यक्रम की भव्यता को लेकर समर्थक कर रहे तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

विधानसभा क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित करने वाले, भाजपा के कद्दावर नेता, हर दिल अजीज, मप्र शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री ठाकुर रामपाल सिंह राजपूत का जन्म दिन 4 जनवरी गुरुवार को पुण्य सलिला मॉ नर्मदा की गोद में मनाया जाएगा। जन्म दिन कार्यक्रम की भव्यता को लेकर भाजपा कार्यकताओ व समर्थको के द्वारा भव्य तैयारियां की जा रही हैं।

इस अवसर पर श्री सिंह मां नर्मदा के पावन तट पर संत महात्माओं, पुरोहितों, ब्राह्मणों एवं धर्माचारियों के साथ भगवान नर्मदेश्वर महादेव का नर्मदा जल से अभिषेक करेंगे। तत्पश्चात श्री सिंह गौ माता की पूजा अर्चना करेंगे व ब्राह्मण, कन्या भोज एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में



रायसेन जिले के अतिरिक्त प्रदेश के अनेको स्थानो से बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं समर्थक पहुचतें तथा तथा तथा जन्म दिन की शुभकामनाए देकर उनके दीर्घायु व उज्ज्वल भविष्य की कामना करते है। ज्ञात रहे कि श्री सिंह ने मंत्री, विधायक रहते हुए समूचे विधानसभा क्षैत्र में करोड़ो रुपए के विकास कार्य कराए है। देश की आजादी के बाद से विकास से वंचित रहे कम आबादी वाले छोटे छोटे ग्रामों तक गुणवत्ता युक्त सडको निमार्ण करा कर ग्रामो को मुख्य मार्ग से जोड़ा। नगर में आईटीआई भवन का निर्माण कार्य पूर्ण कराया बल्कि वर्तमान में करोड़ो रुपए की लागत वाले सीएम राइस स्कूल भवन तथा सिविल अस्पताल भवन का निर्माण कार्य जारी है जो कि अतिशीध्र ही पूर्ण होकर नगर को सौगात मिलेगी। भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय शुक्ला ने बताया कि 4 जनवरी को पूर्व कैबिनेट मंत्री ठाकुर रामपाल सिंह राजपूत का जन्म दिन मॉ नर्मदा धाट बौरास में भव्य रुप में मनाया जाएगा।

नगर परिषद अध्यक्ष रेशु विभोर नायक, पूर्व विधायक प्रतिनिधि विभोर नायक सहित अनेक कार्यकर्ताओं, जन प्रतिनिधियों ने पूर्व मंत्री रामपाल सिंह राजपूत को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।

### डोलाघाट हनुमान मंदिर पर चल रही कथा

## श्रीरामचरित मानस महायज्ञ व भागवत कथा हुई प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर स्थित डोलाघाट हनुमान मंदिर कुल्हड़िया पर बुधवार से रामचरित मानस महायज्ञ एवं भागवत कथा का प्रारंभ होने जा रहा है। सप्त दिवसीय श्री रामचरित मानस महायज्ञ एवं भागवत कथा का या 14 वर्ष है ढोलाघाट हनुमान मंदिर पर सन 2011 से लगातार 24 घंटे रामायण का पाठ चल रहा है।



साल में एक बार जनवरी के माह में इस मंदिर पर महायज्ञ और रामचरितमानस पाठ (रामायण पाठ) किया जाता है। इसका शुभारंभ मंगलवार सुबह 9 बजे से कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा फैक्ट्री चौराहे दीवानगंज से होते हुए दीवानगंज तलाव, दीवानगंज के भवानी चौक, ग्राम अंबाडी अयोध्या धाम मंदिर और गणेश चौक से होते हुए वापस ढोला घाट हनुमान मंदिर पहुंचेगी। ढोला घाट हनुमान मंदिर पर बुधवार से 7 दिन तक भागवत कथा का आरंभ होगा। भागवत कथा दोपहर 12 बजे से 4बजे तक प्रवचन होंगे। डोला घाट हनुमान मंदिर पर 9 जनवरी तक भागवत कथा के प्रवचन चलेंगे। इसके समापन पर 9 जनवरी को पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारे का आयोजन होगा। सन 2011 से इस मंदिर पर हनुमान मंदिर का निर्माण कार्य चल रहा है। जैसे जैसे इस मंदिर पर धन इकट्ठा होता है वैसे वैसे इस मंदिर का निर्माण कार्य चलता रहता है।



## घने कोहरे की चपेट में क्षेत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेगमगंज

शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में कोहरा, बादल और तेज ठंड का असर है। कई इलाकों में घना कोहरा रहा तो कई क्षेत्रों में सर्द हवाएं चलीं हैं। इससे टेम्प्रेचर लुढ़क गया। मंगलवार की सुबह घना कोहरा छाया रहने से अवागमन पर असर दिखाई दिया। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि प्रदेश में 29 दिसंबर की रात में पश्चिमी विक्षोभ की एक्टिविटी शुरू हो गई।

मंगलवार को अधिकतम पारा 22.2 और न्यूनतम 12.6 डिग्री रहा। मंगलवार को ठंडी हवा चलने से कोल्ड डे की स्थिति भी बनी। मौसम विशेषज्ञों ने मंगलवार से बादल छाने और अगले तीन दिन हल्की बूंदाबांदी होने का अनुमान जताया है। बेगमगंज में छाए कोहरे के कारण लोगों को आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ा। अल सुबह ट्यूशन जाने वाले गर्म कपड़ों में लिपटकर जाते दिखलाई दिए वहीं नगर पालिका के सफाई कर्मचारी कोहरे और ठंड को दरकिनार करते हुए शहर को साफ सुथरा करने में जुटे रहे।

वाहनों के पहिए में होने के कारण भाई कौन से लोग आवागमन करते नजर आए जिन्हें कोहरे के कारण बाइक या कार की लाइटें जलाना पड़ी। हाई मास्ट लाइटों की रोशनी 1- 2 वाट के एलईडी बल्ब की तरह दिखलाई दे रही थी। वही मस्जिदों और मंदिरों के शिखर गुंबदे नजर ही नहीं आ रहे थे। तेज ठंड के कारण लोगों का जीवन यापन भी देरी से शुरू हो सका।

## पीले चावल-पत्रक देकर 22 जनवरी को भव्य उत्सव मनाने का आह्वान

### 22 को श्रीराम मंदिर में रामलला की होगी प्राण-प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

22 जनवरी को अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर में रामलल्ला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होना है। इस प्राण प्रतिष्ठा समारोह से देशभर के हिंदू समाज को जोड़ने हेतु पूजित अक्षत वितरण अभियान देशभर में 1 जनवरी से प्रत्येक नगर व ग्राम तक प्रत्येक हिन्दू परिवार में जाकर अयोध्या के पूजित अक्षत, प्रस्तावित राम मंदिर का चित्र और पत्रक दिये जा रहे है। इसी कड़ी में सुनारी सलामतपुर में बजरंग दल और स्वयंसेवक निकले।

नगर के 360 परिवारों से संपर्क कर 22 जनवरी को मोहल्ले के मंदिरों में जाने का और शाम अतिश्वजी करने का आग्रह भी किया। वहीं कार्यकर्ताओं ने हिंदू



समाज से प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन अपने घर में साज सज्जा करने, रंगोली बनाने, भगवा ध्वज लगाने तथा रात्रि में दीप जलाने का आग्रह कर रहे है। साथ ही मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण देखने एवं मंदिर में रामधुन, भजन कीर्तन करने का भी आग्रह किया है।

इस कार्यक्रम में मुख्यरूप से उपस्थित अंशु राजपूत, सुशील त्रिवेदी, अनूप अग्रवाल, विक्की चौहान, अभिषेक चौहान, आकाश लखेरा, कार्तिक, करण, विकास, दीपेश, रोहित आदि रहे मौजूद।

### कोरोना के दौरान प्रेम और विश्वास की कहानी है यह नॉवल

## उपन्यास 'लव लॉकडाउन' का विमोचन हुआ

### प्रेम को क्वारनटाईन नहीं किया जा सकता, सांची विश्वविद्यालय के प्रो. मेहता ने लिखा है यह उपन्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सांची बौद्ध भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय के डीन व इंग्लिश डिपार्टमेंट के एचओडी प्रो. नवीन कुमार मेहता का अंग्रेज़ी में लिखा एक उपन्यास लव लॉकडाउन का विमोचन किया गया। साहित्यकार डॉ. हरीश कुमार सिंह ने प्रो. मेहता के इस उपन्यास का विमोचन किया।

इसे मेहताज़ नॉवल कहा जाए तो अधिक बेहतर होगा क्योंकि इस नॉवल को लिखने में विश्वविद्यालय के प्रो. नवीन मेहता का साथ दिया है उनकी भतीजियों और बेटी– डॉ. स्वर्णिमा मेहता, राजनिधि मेहता और सुनिधि मेहता ने। वैश्विक महामारी कोरोनाकाल की भयानक त्रासदी के दौरान उपन्यास के मुख्य पात्रों-डॉक्टरों, नर्सों और वार्ड ब्वॉय के बीच कोरोना व ब्लैक फंगस से ग्रसित हो जाने के बाद भी एक दूसरे के बीच के अथाह प्रेम को अभिव्यक्त किया गया है। कहानी में सच्चे प्रेम, एकतरफा प्रेम, शंका, बीमारी से ग्रसित होकर न बच पाने की स्थिति इत्यादि को बेहद ही



सस्पेंस और भावपूर्ण तरीके से लिखा गया है। इसमें बताया गया है कि कैसे सच्चा प्रेम सभी बाधाओं को पार कर विजयी होता है। उपन्यास आत्मचिंतन के लिए प्रेरित करता है और मानवीय संबंधों और जीवन की जटिलताओं को समझने में मदद करता है ।

दिल्ली के डीपीएस पब्लिशिंग हाउस ने इसे पेपर बैक पर प्रकाशित किया है। इस उपन्यास का मूल सूत्र है –लव केंट बी क्वारेंटाइन नॉवल में बताया गया है कि प्रेम का




अर्थ किसी को पाना नहीं है किन्तु उसमें खो जाना है । प्रेम हमें त्याग, तपस्या और देना सिखाता है। यह उपन्यास बताता है कि जिससे हम प्यार करते हैं उसके जीवन के सारे दुखों को हमें दूर करना चाहिए और ऐसा प्रयास करें कि उसके जीवन में आने वाली सारी समस्याएं, उसके सामने आने से पहले ही समाप्त हो जाएँ। कुलपति प्रो. वैद्यनाथ लाभ ने डॉ. मेहता को बधाई दी।